बरेली, मंगलवार
25 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण



# एसआरएमएस एकेडमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को हराया

- आईके कलेक्शन एसजी कैंट ने राजश्री क्लब बरेली को आठ विकेट से दी मात
- एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी अभिषेक और आइके कलेक्शन के सत्यम बने मैन आफ द मैच

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन में सोमवार को ग्रुप बी में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली को 85 रन से हराया। दूसरे मैच में आइके कलेक्शन एसजी कैंट ने राजश्री क्लब बरेली पर आठ विकेट से जीत दर्ज की। एसआरएमएस के लिए तीन विकेट लेने के साथ 34 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा और आइके कलेक्शन एसजी कैंट के लिए नाबाद 81 बनाने वाले सत्यम संगू को मैन आफ द मैच बने।

वहीं सोमवार को लीग मैच समाप्त होने के बाद क्वार्टर फाइनल में भिड़ने वाली टीमें तय हो चुकी हैं। पहले क्वार्टर फाइनल में आइके कलेक्शन और स्पोर्ट्स स्टेडियम, दूसरे क्वार्टर फाइनल में हल्द्वानी क्रिकेटर्स और ठेकेदार इलेवन, तीसरे क्वार्टर फाइनल में जस क्रिकेट एकेडमी और एसआरएमएस एकेडमी और चौथे क्वार्टर फाइनल में हरदोई स्ट्राइकर्स और आइके कलेक्शन एसजी कैंट में मुकाबला होगा। पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल मंगलवार को और तीसरा व चौथा क्वार्टर फाइनल बुधवार को खेला जाएगा। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को टूर्नामेंट के अंतिम लीग मैच हुए। स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली ने टास जीत कर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। एसआरएमएस ने सात विकेट खोकर 178 रन बनाए। इसमें हर्ष राणा ने 24 रन, तुषार ने 46 रन, अभिषेक शर्मा ने 34 रन और पूर्वांश ध्रुव ने 33 रन बनाया। जवाब में स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली की टीम एसआरएमएस एकेडमी के गेंदबाजों के आगे बिखर गई और निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 93 रन ही बना पाई। एसआरएमएस के लिए सौरभ और अभिषेक ने तीन-तीन विकेट लिया। दूसरे मैच में राजश्री ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी कर पांच विकेट पर 157 रन बनाए। इसमें सिद्धांत पाठक 56 रन और अनमोल सिंह ने 54 रन बनाए। जवाब में आइके कलेक्शन एसजी कैंट ने 11.1 ओवर में दो विकेट खोकर 158 रन बनाकर राजश्री क्लब को आठ विकेट से हरा दिया। आइके कलेक्शन एसजी कैंट के यशु प्रधान ने 55 रन और सत्यम कुमार संगू ने महज 34 गेंद पर 11 चौके व पांच छक्के की बदौलत शानदार 81 रन की पारी खेली।



आइके कलेक्शन एसजी कैंट के बैट्समैन सत्यम कुमार संगु को 34 गेंद पर ताबड़तोड़ 81 रन बनाने पर मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया • सौ. संस्थान

**आज खेला जाएगा क्वार्टर फाइनल:** मंगलवार को पहला क्वार्टर फाइनल आइके कलेक्शन और स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली के बीच सुबह नौ बजे से और दूसरा क्वार्टर फाइनल हल्द्वानी क्रिकेटर्स और ठेकेदार इलेवन के बीच दोपहर साढ़े बारह बजे से खेला जाएगा।